CCE RF/PF/RR/PR/NSR/NSPR(A)/666/003

**A**

**ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ – 1**

**MARCH/APRIL 2024 EXAMINATION-1**

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]

Total No. of Printed Pages : 12 ]

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 45 ]

Total No. of Questions : 45 ]

**CCE RF/PF/RR/PR/NSR/NSPR FULL SYLLABUS**

Question Paper Serial No.

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H**

**Code No. : 06-H**

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : First Language — HINDI

**(ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. / ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**(Regular Fresh / Private Fresh / Regular Repeater / Private Repeater / NSR / NSPR)**

ದಿನಾಂಕ : 25. 03. 2024 ] [ Date : 25. 03. 2024

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-15 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-15 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

**Cut here/ಇಲ್ಲಿ ಕತ್ತರಿಸಿ**

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 45 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय **आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग** को काटकर खोलें **(तीर का अनुसरण करें)** । **प्रश्नपत्र खोलने के लिए बायें भाग को न काटें ।** जाँच करें कि प्रश्नपत्र के सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।
6. आप यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दिए गए प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) और आपके प्रवेशपत्र में मुद्रित प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) एक ही हो ।



यहाँ से काटिए

**25. 03. 2024**

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं । उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए ।** **6 × 1 = 6**

1. 'सभ्य' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) अलभ्य (B) असभ्य

   (C) ससभ्य (D) सौलभ्य

2. 'बूढ़ा' शब्द का अन्यलिंग रूप है –

   (A) बुढ़ापा (B) जवानी

   (C) बड़ाई (D) बुढ़िया

3. 'अनेक' शब्द का एकवचन रूप है –

   (A) अनेकता (B) एकता

   (C) एक (D) बहुत

4. निम्नलिखित में से 'प्रथम प्रेरणार्थक' क्रिया रूप है –

   (A) चलाना (B) करना

   (C) लिखवाना (D) देख

5. निम्नलिखित में से 'मकान' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) महान (B) घर

(C) आकाश (D) अचरज

6. निम्नलिखित में से 'कमर कसना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) नींद आना (B) भाग जाना

(C) तैयार रहना (D) सहायता करना

**II. प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए।**

**4 × 1 = 4**

7. सुरेश : गुण संधि :: परमात्मा : ............................ ।

8. धर्मरक्षा : तत्पुरुष समास :: पूजन–अर्चन : ............................ ।

9. बच्चे खेलेंगे : भविष्यत् काल :: बच्चे खेलते हैं : ...................... ।

10. जो चिकित्सा देता है : चिकित्सक :: जो पढ़ा–लिखा न हो : .............. ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **7 × 1 = 7**

11. वेंकटराव की प्रिय पत्रिका कौन–सी थी ?

12. नगेन्द्र भट्टाचार्य के मित्र का नाम क्या है ?

13. मैना दंपति नाच–गान क्यों करते थे ?

14. पुरुषोत्तम को विनायक के साथ भोजन क्यों करना था ?

15. मज़हब क्या नहीं सिखाता ?

16. सब कैसे सोते थे ?

17. हेलन केलर के अनुसार मनुष्य किसका कदर नहीं करता ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :** **10 × 2 = 20**

18. मैना के बारे में रवीन्द्रजी ने क्या कहा ?

19. रूसी युवतियाँ कैसे दिखाई दे रही थीं ?

20. पुरुषोत्तम भोजन की तैयारी कैसे करते हैं ?

21. लोकगीत जनता का संगीत है । कैसे ?

22. सामाजिक कुरीतियों को किस तरह मिटाना चाहिए ?

23. पिछड़ा आदमी को सदा अपमानित क्यों होना पड़ता था ?

24. नेपोलियन सच्चाई के पथ पर चलनेवाला लड़का था । कैसे ?

25. जीवन में सफलता कैसे प्राप्त कर सकते हैं ?

26. अफ्रीकावासी बेडेन पावेल को इम्पासी कहकर क्यों पुकारते थे ?

27. रैदास का नाम रविदास क्यों रखा गया ?

**V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए ।** **2 × 3 = 6**

28. पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र' ।

29. रहीम ।

**VI. छन्द पहचानकर लक्षण बताइए।** **3**

30. जो गरीब सो हित करै, धनि रहीम वे लोग ।

कहाँ सुदामा बापुरो, कृष्ण मिताई जोग ।।

**VII. अलंकार पहचानकर लक्षण बताइए।** **3**

31. मन कांचै नाचै वृथा, सांचै राचै राम ।

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।** **4 × 3 = 12**

32. 'आप लोग असुर की कविता तो सुन ही चुके, अब ससुर की कविता सुनिए ।'

33. 'मैंने अपने बच्चे को देखा तक नहीं ।'

34. 'हुजूर को नहीं दीखा तो हमें कैसे दीख सकता है ?'

35. 'हिन्दी हैं हम, वतन है हिंदोसताँ हमारा ।'

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए :** **3 × 3 = 9**

36. जहाँगीरी अण्डे के बारे में अंग्रेज ने क्या बताया ? स्पष्ट कीजिए ।

37. शीला अग्रवाल ने लेखिका को किस प्रकार प्रभावित किया ? विवरण दीजिए ।

38. अज्ञेय जी कविता में प्रकृति का वर्णन कैसे करते हैं ?

**X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए ।** **4**

39. पैदा कर ..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

.............................................................. स्वजीवन सारा ।

**अथवा**

जग में सुख ..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

.............................................................. को गले लगाना ।

**XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए।** **4**

40. अज्ञानियों से स्नेह करना

मानो पत्थर से चिनगारी निकालना है ।

ज्ञानियों का संग करना,

मानो दही मथकर माखन पाना है

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

तुम्हारे भक्तों का संग करना

मानो कर्पूरगिरि की ज्योति को पाना है ।

**अथवा**

भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न हैं,

प्यास लगी तो तालाब–कुएँ हैं,

शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,

सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

मेरा आत्म–सखा तू ही है ।

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ–दस वाक्यों में लिखिए ।** **2 × 4 = 8**

41. गाँधीजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

काठियावाड़ तथा भारत की जनता गाँधीजी की ओर क्यों आकृष्ट हुई ?

42. आलूर वेंकटराव के जीवन में नया मोड़ कैसे आया ? बताइए ।

**अथवा**

आलूर वेंकटरावजी के नूतन विद्यालय का परिचय दीजिए ।

**XIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **2 × 2 = 4**

43. राजा कृष्णदेवराय के दरबार में यही चर्चा हो रही थी कि उनकी अश्व–योजना से देश को बहुत लाभ हुआ है । सभी घोड़े सुंदर और मज़बूत हो गये हैं, उनसे सेना की शक्ति बढ़ेगी । अश्व सेना के प्रधान अधिकारी तो फूले न समाते थे । इसी

बीच दरबार में जाँच करनेवाला राजकर्मचारी अपने साथियों के साथ उपस्थित हुआ । उसने राजा से कहा कि उनकी योजना सफल रही है, घोड़े एक से एक बढ़कर हैं, उन्हें देखने से मन भर जाता है, प्रजा सच्ची और ईमानदार है ।

**प्रश्न :**

a) कृष्णदेवराय के दरबार में किस बात की चर्चा हो रही थी ?

b) राजकर्मचारी ने राजा से क्या कहा ? बताइए ।

**XIV. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए ।** **5**

44. सकारण बताते हुए चार दिनों की छुट्टी की विनती करते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

शैक्षिक यात्रा के लिए अनुमति और पैसे माँगते हुए अपने पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

**XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 15-20 वाक्यों में निबंध लिखिए।** **1 × 5 = 5**

45. i) हमारे राष्ट्रीय पर्व ।

ii) चंद्रयान में भारत का विकास ।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE